जुआ खेलते 5 जुआरी गिरफ्तार

धौलपुर। धौलपुर शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने जुआ सट्टे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 5 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जिनसे 15 हजार रुपये की जुआ राशि को भी जब्त करते हुए बरामद किया गया है। अचानक हुई कार्रवाई से जुआरियों और सटोरियों में हड़कंप मच गया।

थाना प्रभारी प्रमेंद्र रावत ने बताया कि रविवार रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर हैड कांस्टेबल कृष्णा पूनियां ने जाब्ते के साथ सागरपाडा अम्बेडकर पार्क धौलपुर के पास से जुआ खेलते हुए जसवंत पुत्र रामभरोसी निषाद निवासी महात्मानन्द की बगीची पुराना शहर धौलपुर, गौरव पुत्र रामचरन जाटव निवासी सागरपाडा धौलपुर, आकाश पुत्र हरिओम जाटव निवासी सागरपाडा, जीतेन्द्र पुत्र हरिओम जाटव निवासी सागरपाडा और बन्ना पुत्र कप्तानसिंह गुर्जर निवासी शैतानपुरा मौहल्ला पुराना शहर धौलपुर को गिरफ्तार किया है।थाना प्रभारी रावत ने बताया कि इन जुआरियों के कब्जे से 15 हजार रूपये की जुआ राशि व ताश के पत्तों को भी जब्त किया है।

जुआरियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि जुआरियों और सटोरियों के खिलाफ पुलिस की यह कार्रवाई जारी रहेगी।

राशन विक्रेता संघर्ष समिति ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

करौली(नि.स.)। राजस्थान राज्य राशन विक्रेता संघर्ष समिति करौली के पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री के नाम का जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश कर मांगों से अवगत कराया।

राशन विक्रेता संघर्ष समिति के अध्यक्ष अभिमन्यु कौशिक, जमनालाल, मोहम्मद शाकिर, जिला उपाध्यक्ष रमेश बालोती सहित दर्जनों की संख्या में आए राशन विक्रेताओं ने

■ **चार सूत्रीय मांगों लेकर करौली के पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री के नाम का जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश सौपा**

कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम का जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश कर बताया कि राशन डीलर उपभोक्ताओं को गेहूं वितरण करके सेवा करते आ रहे हैं कोरोना काल हो या अन्य आपदा महामारी हो राशन डीलर्स ने हमेशा सहयोग किया है उसके पश्चात खाद्य विभाग के ऐसे आदेश जिसे विक्रेता को मानसिक आघात पहुंच रहा है जिसके कारण एक राशन डीलर स्वर्गीय रामेश्वर मीणा उक्त आदेश से ऐसा मानसिक आहत हुआ कि उनका

करौली कलेक्ट्रेट मे प्रदर्शन करते राशन विक्रेता ।

हृदय गति रूकने से निधन हो गया इसलिए सरकार मानवीय मूल्य को दृष्टिगत रखते हुए उनके परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी एवं 50 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए। उन्होंने बताया कि राजस्थान के उचित मूल्य दुकानदार गत एक अगस्त से अपनी चार सुत्रीय मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार पर हैं जिनके संबंध में सरकार और प्रशासन द्वारा हमारी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक कोई विचार नहीं किया गया एवं इसके विपरीत प्रशासन द्वारा उचित मूल्य दुकानदारों के स्थान पर जीएसएस एवं अन्य संगठनों के द्वारा राशन वितरण करने के आदेश जारी किये उक्त आदेश के चलते हमारे एक उचित मूल्य दुकानदार रामेश्वर मीणा को गहरा सदमा लगने से उनका निधन हो गया। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मांग कि है कि हमारी चार सूत्रीय मांगों के अलावा हमारे शहीद हुए उचित मूल्य दुकानदार मीणा के परिवार को 50 लाख रुपए कि आर्थिक सहायता तथा परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दी जाए और जल्द से जल्द उचित मूल्य दुकानदारों कि वर्तमान मांगो का निराकरण किया जाएं।

अभियान का पहला चरण शुरू

करौली (नि.स.)। मानसून के दौरान व बाद में मच्छर जनित डेंगू मलेरिया आदि बीमारियों के नियंत्रण व रोकथाम को लेकर जिले में अभियान स्वास्थ्य दल आपके द्वार का प्रथम चरण 5 से 31 अगस्त तक चलाया जाएगा। इस दौरान विभिन्न विभागों की सहभागिता से मच्छररोधी गतिविधियां की जाएंगी। अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह ने अभियान में अंतर विभागीय समन्वय कर सभी संबंधित विभागों से आवंटित कार्य करवाने के निर्देश सभी जिला कलेक्टर को जारी किए हैं। सीएमएचओ डॉ दिनेश चंद मीना ने बताया कि अभियान में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की सर्वे टीमों द्वारा घर.घर जाकर सोर्स रिडक्शन, एंटीलारवल, एंटीएडल्ट व आईईसी गतिविधियां करवाने, बुखार के रोगियों की रक्त पट्टिका बनाने, गतिविधियों की रिपोर्टिंग मरुधर एप के माध्यम से करवाने आदि अन्य कार्य सम्पादित किए जाएंगे। नगर निगम को नालियों की सफाई, गंदे पानी के स्त्रोंतों में एमएलओ डलवाने, फॉगिंग करवानेए गड्ढे भरवानेए लार्वा मिलने पर नोटीस व चालान की कर्रवाई करवाने सहित अन्य कार्य आवंटित किए गए हैं।डिप्टी सीएमएचओ स्वास्थ्य ओपी मीना ने बताया कि अभियान में अन्य विभागों नागरिक सुरक्षा, शहरी विकास एवं हाउसिंग बोर्ड व आवासन मंडल, नर्सेज कॉउंसिल, शिक्षा विभाग को भी विभिन्न कार्य आवंटित किए गए हैं।

सार-समाचार

धूमधाम के साथ निकाली कावड़ यात्रा

करौली के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरती काबड यात्रा

करौली (नि.स.)। इन दोनों श्रावण मास के दौरान शिव मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना के कार्यक्रम चल रहे हैं इसी कड़ी में शहर के साइनाथ खिड़कियां बाहर स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर कावड़ यात्रा निकालकर सहस्त्र जलधारा की । कार्यक्रम से जुडे गिर्राज तिवाडी ने बताया कि सोमवार को प्रात: 6:00 बजे शिव भक्त करौली मे पांच नदियों के संगम से बने पवित्र पांचना बाध पर पहुंचें जहां से 31 कावड़ भरकर महिला पुरुष श्रद्धालु डीजे की धुन पर बज रहे मधुर भजनों पर नाचते गाते हुए श्रद्धालु मासलपुर चुंगी नाका,स्टेडियम रोड,गुलाब बाग तिराहा होते हुए अस्पताल रोड,हिंडौन गेट,फूटाकोट,सदर बाजार,अनाज मंडी,बडा बाजार होते हुए साइनाथ खिड़कियां बाहर स्थित तिवाडीयो की बगीची मे बने नर्वदेश्वर महादेव मंदिर पर पहुंचे इस दौरान कावड़ यात्रियों का जगह लोगों ने शीतल पेय पिलाकर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया इसके पश्चात मंदिर पहुंचने पर जलाभिषेक किया गया। इस अवसर पर गिर्राज तिवाडी, हेमराज तिवाडी, बली प्रसाद शर्मा, दीनदयाल शर्मा दीनू, सोनू शर्मा, संतु तिवाडी रेवती प्रसाद शर्मा, मोहन तिवाडी, राम निवास व्यास रोधई सहित भारी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।

आरोपी की सजा हाईकोर्ट से हुई स्थगित

करौली (नि.स.)। राजस्थान हाईकोर्ट जयपुर ने गैंगरेप के आरोपी बिष्णु कि सजा स्थगित कर जमानत प्रदान की है। न्यायलय विशिष्ट न्यायाधीश एस.सी.एस.टी कोर्ट करौली ने 18 जनवरी 2023 को आरोपी को सामूहिक दुष्कर्म के मामले में 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई थी। उल्लेखनीय है कि करौली महिला थाने में 2013 में परिवादिया ने दो लोगों के खिलाफ गैंगरेप का मामला 376 डी में दर्ज करवाया जिसमें अनुसंधान करके दोनों के खिलाफ पुलिस ने चार्जशीट पेश की। सहअभियुक्त के विचारण के दौरान फरार होने पर अपीलार्थी बिष्णु को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। बाद में सह अभियुक्त भगवान सिंह भी विचारणीय न्यायालय के सामने पेश हुआ जिसकी ट्रायल में उसे न्यायलय द्वारा बरी कर दिया। अपीलार्थी के अधिवक्ता हरिराम गुर्जर ने न्यायालय को बताया कि प्रथम सूचना रिपोर्ट देरी से दर्ज हुई है तथा अपीलार्थी पर दुष्कर्म का आरोप साबित नहीं हुआ है। मैडिकल साक्ष्य भी अपीलार्थी के खिलाफ नहीं है। सहअभियुक्त बरी हो चुका है। अपीलार्थी दो साल से अधिक समय से जेल में बंद हैं। अपील की सुनवाई में समय लगेगा इसलिए सजा स्थगित की जाये। सरकारी वकील ने घोर विरोध किया। अपीलार्थी के अधिवक्ता हरिराम गुर्जर की बहस से संतुष्ट होकर नयायधिपति अनिल कुमार उपमन ने सजा स्थगन प्रार्थना पत्र को मंजूर कर लिया।

महिला मोर्चा ने की शिरकत

करौली(नि.स.)। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा करौली जिला संयोजक विद्या वैष्णव के नेतृत्व में भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के पदभार ग्रहण समारोह में बस द्वारा महिलाएं जयपुर पहुंची। प्रदेश अध्यक्ष राठौड के पद ग्रहण समारोह में भाजपा महिला मोर्चा करौली से सुशीला शर्मा,रामदुलारी,कमला शर्मा,ज्योति शर्मा,मेघा शर्मा,पप्पी जादौन,अनसुइया शर्मा, अनीता,चुना, सुमन वैष्णव, लक्ष्मी,रामा,राजकुमारी पचैरी, गुड्डी गौड, उषा, माया, मंजू, सीमा, परी,अन्नपूर्णा. अनेकों महिलाएं कार्यकर्ताए शामिल हुई।

22 हजार 88 सीवरेज कनेक्शन जारी

भरतपुर (निस)। शहर में सीवरेज के कार्य में राज्य सरकार द्वारा चार चरणों में अब तक 242.75 किमी सीवरेज लाइन डाली जाकर 22 हजार 88 सीवरेज कनेक्शन जारी किये जा चुके हैं। तृतीय व चतुर्थ चरण में मैनहोल, आईसी चैम्बर निर्माण एवं रोड रेस्टोरेशन का कार्य प्रगति पर है, इसके बाद हाउस सीवर कनेक्शन के शेष कार्य पूरे किये जायेंगे। नगर निगम आयुक्त रिछपाल सिंह बुरडक ने बताया कि भरतपुर शहर में सीवरेज का कार्य चरणबद्ध रूप से करवाया जाना प्रस्तावित है। जिसमें अब तक 22 हजार 88 सीवरेज कनेक्शन जारी किये जा चुके हैं तथा 378.3 किमी स्वीकृत में से 242.75 किमी सीवरलाइन बिछायी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में 2009 में 74 किमी सीवरलाइन का कार्य स्वीकृत हुआ था जिसके तहत 13 हजार 742 सीवर कनेक्शन, 8 एमएलडी, 1 एसटीपी एवं 3 एसपीएस का निर्माण 2018 में पूर्ण किया गया है। उन्होंने बताया कि इस कार्य में 11 हजार 746 कनेक्शन करवाये जाने की निविदा की गई जिसमें 8 हजार 481 सीवर कनेक्शन पूर्ण कर शेष कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण में भरतपुर के सरकूलर रोड के बाहर बसी आवासीय कॉलोनियों में 119.75 किमी सीवरलाइन, 6 एमडब्ल्यूपीएस, 1 एसटीपी, 5 एमएलडी का निर्माण तथा 15 हजार 85 सीवर कनेक्शन कार्य व 10 वर्ष का रखरखाव व संचालन किया जाना था। उन्होंने बताया कि इसके तहत 13 हजार 607 सीवर कनेक्शन किये जा चुके हैं। शेष भूखण्डों में भवन नहीं बनने के कारण सीवर कनेक्शन नहीं किये गए हैं। आयुक्त ने बताया कि तृतीय चरण में शहर के बाहर बसी आवासीय कॉलोनियों में 103.51 किमी सीवरलाइन, एसपीएस निर्माण, एसटीपी अपग्रेडेशन एवं रखरखाव कार्य किया जाना प्रस्तावित है।

हिंडौन में जीप और टैंपो की भिड़त, 2 घायल

हिंडौन सिटी । महवा रोड स्थित क्यारदा में एक रिसोर्ट के पास रविवार रात 8 बजे टैंपो टैक्सी और जीप की आमने सामने भिंडत हो गई। हादसे में जीप ड्राइवर सहित एक सवारी गम्भीर रूप से घायल हो गई।

मौके पर पहुंची नई मंडी थाना पुलिस के जाब्ते ने घायलों को उपचार के लिए सरकारी जीप से जिला अस्पताल पहुंचाया।जहां जीप चालक की स्थिति गम्भीर होने पर चिकित्सक ने उसे जयपुर रैफर कर दिया। नई मंडी थाने के एएसआई बनय सिंह ने घायलों में जीप चालक दौसा के खेड़ला निवासी भागसिंह है।

दूसरा घायल सलेमपुर थाना निवासी किरोड़ी सिंह गुर्जर है। उन्होंने बताया कि रविवार को गश्त के दौरान सूचना मिली कि क्यारदा में एक रिसोर्ट के पास दो वाहनों की परस्पर टक्कर हो

■ **जीप चालक की स्थिति गम्भीर होने पर चिकित्सक ने उसे जयपुर रैफर कर दिया**

गई। जिसके बाद जाब्ता लेकर मौके पर पहुंचे।मौके पर जीप और टैंपो ट्रैक्सी भिड़ंत की स्थिति में खड़े हुए मिले। वही दो जने गंभीर रूप से घायल थे। जिन्हें जिला अस्पताल लाया गया। घायलों की जानकारी मिलने पर उनके परिजनों को सूचना दी। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दोनों घायलो के परिजन भी पहुंच गए। इधर सर्जन डॉ जेपी मीना ने बताया घायल जीप चालक भाग सिंह के सिर पर गंभीर चोट आई है। गम्भीर हालात होने पर प्राथमिक उपचार के बाद रैफर किया गया है।

नोटिस जारी होने के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

धौलपुर। धौलपुर में सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से किए गए घोटाले के सामने आने के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर सवाल उठने लगे हैं। दो महीने पहले विजिलेंस की टीम ने मामले की जांच की थी। जांच रिपोर्ट में गड़बड़ी सामने आने के बावजूद दोषियों के खिलाफ कोर्ट भी कार्रवाई नहीं की गई है।जानकारी के मुताबिक धौलपुर जिले के पीडब्ल्यूडी में तैनात उच्च अधिकारियों ने ठेकेदारों से मिलीभगत करके आठ गांव की सड़कों को कागजों में डलवाकर करीब ढाई करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया था। विभाग के अधिकारियों ने हिनौदा से पुरानी छावनी, पथेना से गुर्जा और करीमपुर के पुरा से जीएसएस करीमपुर तक की सड़कों को कागजों में दर्शाकर ठेकेदारों को बिना सड़क डाले ही ढाई करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया।

सावन माह के तीसरे सोमवार को भक्तो ने किया जलाभिषेक

गंगापुर सिटी । सावन के महीने में शहर सहित आसपास के इलाकों में धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। शहर सहित आसपास के क्षेत्र में श्रावण माह के तीसरे सोमवार को मंदिरों में हर हर महादेव, बम बम भोले के जयकारे गूंजे। दिन भर मंदिरों में शिव भक्तों की भीड लगी रही।

श्रद्धालुओं ने श्रावण माह के तीसरे सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक, रुद्राभिषेक कर भगवान शिव की विधिवत मंत्रोच्चार के साथ में पूजा अर्चना की।

साथ ही भगवान शिव और शिव परिवार को बेलपत्र चढाकर पूजा अर्चना के बाद शिव चालीसा, रुद्राष्टक का पाठ कर आरती की। श्रावण माह के चलते इन दिनों शहर के प्रसिद्ध मंदिरों बालाजी

■ **शहर सहित आसपास के क्षेत्र में सावन माह के तीसरे सोमवार को मंदिरों में हर हर महादेव, बम बम भोले के जयकारे गूंजे।**

चौक, श्री कल्याण जी मंदिर, उधाडमल बालाजी, बंदरिया का बालाजी, उदेई मोड स्थित मनोरथ सिद्ध हनुमान जी मंदिर, सैनिक नगर स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर, तहसील स्थित चक्रपाणि का मंदिर, पुरानी अनाजमंडी स्थित सीतारामजी का मंदिर, ट्रक यूनियन स्थित गणेश मंदिर में श्रावण माह के तीसरे सोमवार को अन्य दिनों की अपेक्षा श्रद्धालुओं की अधिक भीड दिखाई दी। वहीं सोमवार को पंचायत समित परिसर स्थित ममलेश्वर महादेव मंदिर पर सहस्त्रघट कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सैकडो लोगो ने भाग लिया। इस दोरान विष्णुचंद शास्त्री के सानिध्य में विद्वानो ने चटक मटक के साथ रूद्री पाठ कर शिवजी का जलाभिषेक कराया। मंदिरों में सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हुआ। जो पूरे दिन भर चलता रहा। मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस दौरान शिव भक्तों ने भगवान शिव और शिव परिवार के साथ-साथ हनुमानजी, गणेशजी और ठाकुरजी का जलाभिषेक के बाद पंचामृत अभिषेक और इसके बाद में रुद्राभिषेक किया।

डीसीए की अंडर-16 टीम के लिए खिलाड़ियों ने किया खेल कौशल का प्रदर्शन

हिंडौन सिटी। जिला क्रिकेट संघ की अंडर- 16 टीम का चयन करने के लिए समीप के गांव खेड़ा जमालपुर स्थित सौरभ एजुकेशन कैंपस में खिलाड़ियों के खेल कौशल को परखा और जिले की टीम का चयन किया गया जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष ओम प्रकाश पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित होने वाले आगामी अंडर-16 टूर्नामेंट के लिए जिले की टीम का ट्रायल के आधार पर चयन किया गया। उन्होंने बताया कि टीम में चयन के लिए जिलेभर से पांच दर्जन से अधिक खिलाड़ी सौरभ एजुकेशन कैंपस के खेल मैदान पर पहुंचे। जहां खिलाड़ियों के दस्तावेजों की जांच कर पंजीयन किया गया। इसके बाद मौजूद खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष पाठक एवं उपाध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने कहा कि गांव, ढाणी, गली-मोहल्ले एवं छोटे मैदानों पर खेले जाने वाले मनोरंजन के खेल खेलकर आए खिलाड़ी अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करते समयआरसीए की प्रतियोगिताओं के 50 ओवर के मैच को ध्यान में रखते हुए अपनी खेल क्षमता और खेल कौशल का प्रदर्शन करें । उन्होंने बताया कि ज्यादातर खिलाड़ियों को मैदान पर उतरते ही गेंदबाज को समझे बिना केवल हिट करने की जो आदत है यह अच्छे खिलाड़ी की पहचान नहीं है । क्रिकेट के विशेषज्ञ प्रियाकांत बेनीवाल की ओर से खिलाड़ियों को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश के बाद उनकी रुचि के अनुरूप उनके खेल कौशल का प्रदर्शन करने का मौका दिया गया। इस दौरान मौजूद खेल विशेषज्ञों ने खिलाड़ियों के खेल कौशल का बारीकी से निरीक्षण किया। बताया है कि चयनित खिलाड़ियों को उनके मोबाइल नंबर पर सूचना देकर अवगत करा दिया जाएगा जो आरसीए की ओर से आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

विरोध प्रदर्शन किया

हिंडौन सिटी । जलदाय विभाग कार्यालय में सोमवार को तकनीकी कर्मचारियों ने निजीकरण की योजना के विरोध में प्रदर्शन किया। इसी के साथ सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। जलदाय विभाग तकनीकी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुरेश डागुर ने बताया कि राज्य सरकार जलदाय विभाग को निजीकरण किए जाने की योजना बना रही है। जिसके विरोध में कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया है। उपखंड क्षेत्र के तकनीकी कर्मचारियों ने कार्यालय परिसर में एकत्र होकर राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। निजी करण करने से विभाग में कार्यरत ठेकाकर्मी की मनमानी से आमजन प्रभावित होगा। इस दौरान जलदाय विभाग के तकनीकी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुरेश कुमार डागुर,कपिल शर्मा आदि कर्मचारियों ने प्रर्दशन किया।

मुख्यमंत्री का प्रस्तावित दौरा 7 अगस्त को

करौली (नि.स.)। जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने कहा कि प्रदे'ा के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के 7 अगस्त को उपखण्ड क्षेत्र सपोटरा के नारेश्वर धाम पर प्रस्तावित दौरा के संबंध में अधिकारीयों को सौपें गये कार्यो को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये।

जिला कलेक्टर सोमवार को समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरा के संबंध में तैयारीयों की बैठक को संबोधित करते हुए बोल रहे थे।

जिला कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री के द्वारा मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान हरियालो-राजस्थान अभियान के दौरान पौधारोपण करेंगे एवं इस दौरान आमसभा को भी संबोधित करेंगे। उन्होंने इस संबंध में पौधों की उपलब्धता, दिये गये लक्ष्य अनुसार विभागों को लक्ष्यों की पूर्ति करने, आवश्यकतानुसार गड्ढे खुदवाने, पौधे लगाने पश्चात संरक्षण एवं देखभाल करने एवं गुगल प्ले स्टोर से जीओट्री एप डाउनलोड करने एवं लगाये गये पौधो की जीओ टैगिंग करने के भी निर्देश दिये।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर राजवीर सिंह चैधरी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी उदय भानू चारण, उपखण्ड अधिकारी पिंकी गुर्जर सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहें।

रेलवे क्वार्टर की गिरी छत, लोको पायलट व उसकी बेटी घायल

गंगापुर सिटी । रेलवे स्टेशन के पास स्थित रेलवे कॉलोनी में सोमवार सुबह एक रेलवे क्वार्टर की छत भरभरा कर गिर गई। हादसे में रेलवे क्वार्टर में रह रहे सहायक लोको पायलट और उसकी बेटी घायल हो गई। दोनों को रेलवे हॉस्पीटल में भर्ती कराया। जहां उनका

■ **गनीमत यह रही कि छत की पट्टियां परिवार के सदस्यों पर सीधी नहीं गिरी, अन्यथा बडा हादसा हो सकता था।**

इलाज चल रहा है। सूचना पर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी और यूनियन पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन पर टीआरडी रेलवे कॉलोनी स्थित क्वार्टर में सहायक लोको पायलट धर्मसिंह अपने परिवार सहित निवास करता है। ड्यूटी से आने के बाद सोमवार को सुबह वह अपने परिवार के साथ ही था। इसी दौरान 8 से करीब 8.30ः बजे एकाएक रेलवे क्वार्टर की छत अचानक भरभराकर गिर गई। गनीमत यह रही कि छत की पट्टियां परिवार के सदस्यों पर सीधी नहीं गिरी, अन्यथा बडा हादसा हो सकता था। हालांकि छत गिरने के बाद धर्मसिंह के अलावा उसकी बेटी गंभीर घायल हो

गंगापुर सिटी मे घायल लोको पायलट का इलाज करते चिकित्सक।

गई। घटना के बाद आसपास रहने वाले लोगों में भी एकाएक हुए हादसे को लेकर दहशत हो गई और सभी लोग सकते में आ गए।

छत गिरने के बाद छत का मलबा पूरे क्वार्टर में जहां-तहां फैल गया। वहीं गंभीर घायल धर्मसिंह व बेटी को रेलवे की एम्बुलेंस से दोनों को रेलवे हॉस्पीटल में भर्ती कराया, जहां धर्म सिंह और उसकी बेटी का इलाज चल रहा है। सूचना पर रेलवे के एडीएन एके जैन, आईडब्ल्यूओ शहबाज अख्तर, वेस्ट सेंट्रल रेलवे इम्प्लॉइज यूनियन के पदाधिकारी नरेन्द्र जैन, श्रीप्रकाश, राजूलाल आदि मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का मौका मुआयना कर जायजा लिया।

साथ ही घायलों की कुशलझेम पूछी और समुचित उपचार के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि रेलवे विभाग ने यहां रेल कर्मचारियो को रहने के लिए आवास बना रखे है लेकिन समय समय पर उनकी देखभाल नहीं करने के कारण व रेल आवास करीब 6ः से 7ः साल पुराने होने के कारण क्षतिग्रस्त हो चुके है जिनकी कई बार यूनियनो के द्वारा उच्च स्तर पर शिकायत की जा चुकी है। लेकिन नींद में सोए अधिकारियो को इससे कोई सरोकार नहीं है। वहीं वेस्ट सेन्टर रेलवे एम्पलाईज यूनियन के मण्डल उपाध्यक्ष नरेन्द्र जैन ने कहा कि कई बार रेलवे अधिकारियो को अवगत कराने के बाद भी मरम्मत का कार्य नहीं कराने से ये हादसा हुआ है। यूनियन इस मामले को मण्डल स्तर पर उठा कर रेल आवासो की मरम्मत कराने की मांग उच्चाधिकारियो से करेगें जिससे कि रेल कर्मचारियो को जान माल की हानि नहीं उठानी पडे।

विप्र सेना द्वारा प्रतिभाओं का किया सम्मान

करौली(नि.स.)। करौली विप्र सेना द्वारा एक निजी होटल मे ब्राह्मण समाज कि प्रतिभाओ का स्वागत करते हुए सम्मान किया गया। विप्रसेना के वीरेंद्र शर्मा, अंकुश शुक्ला, विक्की शुक्ला, प्रमोद महेरा,रमाकांत शर्मा एव समाज के प्रमुख लोगो द्वारा नव नियुक्त नगरपरिषद सभापति प्रतिनिधि मुकेश पचैरी, विधायक पुत्र विश्वेन्द्र सिंह, तहसीलदार बलबीर शर्मा,पुष्पेंद्र शर्मा, मोहन शर्मा,आकाश शर्मा, मदन मोहन शर्मा उर्फ बल्लू,मनोज शर्मा फार्मासिस्ट का भव्य आयोजन कर स्वागत एवं सम्मान किया गया कार्यक्रम का संचालन पूर्व पार्षद राजेन्द्र सारस्वत ने किया। इस अवसर पर समाज के वयोव्रद्ध समाजसेवी रामस्वरूप शर्मा रिटायर्ड कंपाउंड,बजरंग लाल शर्मा, दीनदयाल शर्मा कंचनपुर, रामेश्वर पंडितपुरा का भी विप्र सेना करौली कि ओर से माला पहनाकर स्वागत किया। समारोह मे विष्णु शर्मा,मुकुट बिहारी शोत्रिय,हेमंत शर्मा, विनोद शर्मा मेडिकल वाले, आशीष कांत कौशिक, मनोज चतुर्वेदी, प्रमुख समाजसेवी बबलू शुक्ला, महेंद्र सुरोठीया,प्रदीप शुक्ला, अशोक शर्मा संजय शर्मा अध्यापक, संजय पाराशर,योगेश मुद्गल कैलादेवी,आकाश शर्मा पत्रकार,गोपाल शर्मा कंपाउंडर,देवेंद्र शर्मा नितिन शर्मा, कैलाश शर्मा, बबलू चतुर्वेदी, मनोज व्यास अध्यापक, हर्ष शर्मा, कृष्णा गुलपारिया, डल्लू पराशर सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के परिवारों ने मनाया हरियाली अमावस महोत्सव

गंगापुर सिटी । दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के सदस्य परिवारों ने नसिया जी स्थित जैन मंदिर के प्रांगण में हरियाली महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक मोनिका जैन ने बताया कि कई प्रकार के गेम्स , डांस एवं मनोरंजन कार्यक्रम किए गए। कार्यक्रम के पश्चात विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में विमल कुमार गौधा, के के जैन, धर्मेन्द्र पाण्डया, प्रवीण गंगवाल, पंकज पाण्डया, मनोज शाह, अभिनव, हार्दिक विद्या देवी, मोनिका जैन, निशा जैन, प्रीति, शालिनी, स्वीटी, मधु, दीप्ति, रुचि, नीरा, अंजू , रेशु, पीहू, एरा जैन एवं दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे।

'वर्षा के मौसम के देखते हुए अधिकारी एवं कर्मचारी सतर्क रहकर कार्य करें'

करौली(नि.स.)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने कहा कि वर्षा के मौसम को देखते हुए चिकित्सा, विद्युत, सार्वजनिक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग सहित अन्य संबंधित विभाग अत्यधिक वर्षा को देखते हुए वर्तमान समय में संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय एवं सतर्क रहकर कार्य करना सुनिश्चित करें।

जिला कलेक्टर सोमवार को कलेक्टेट सभागार मे साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक को संबोधित करते हुए बोल रहे थे।उन्होने बैठक मे समस्त उपखण्ड अधिकारी को उपखण्ड स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित करने, सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियन्ता को आवश्यकता अनुसार नावों की व्यवस्था करने नावों पर रक्षा पेटीयां, रस्सों, मशालों, टोर्चो की व्यवस्था करने इसके अलावा बाढ़ बचाव के संसाधनों की व्यवस्था करनें, वर्षा के मौसम में नदीयों, नहरों, बाधों एवं तालों पर नियंत्रण मोनिटरिंग करने सहित आवश्यक दिशा निर्देश दियें। पीएचईडी के अधीक्षण अभियन्ता को पेयजल की समुचित व्यवस्था रखने, पंप सेटों एवं जनरेटरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने, जिला रसद अधिकारी को बाढ़ व अतिवृष्टि के समय पर्याप्त मात्रा में खाद्य सामग्री आरक्षित रखने, नगर परिषद आयुक्त एवं नगर पालिका क्षेत्र के अधिकारी को इस दौरान नालों व नालियो की नियमित साफ-सफाई रखने, जर्जर भवनों की पहचान हेतु टीम गठित कर पहचान करने एवं आवश्यक कार्यवाही करने, सीएमएचओं को मौसमी बीमारियों के संबंध मे सतर्क व सक्रिय रहकर कार्य करने एवं चिकित्सालयों में दवाईयों की पूर्ण उपलब्धता बनाये रखने के निर्देष दिये, पुलिस विभाग के अधिकारी को पुलिस की व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को क्षितग्रस्त विद्युत लाइनो को शीघ्र ठीक करने सहित सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति जारी रखने, ढीले तारों को टाईट करने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दियें, पशुपालन विभाग के अधिकारी को पशुओं को फैलने वाली मौसमी बीमारी के बचाव व उपचार समय पर करने, सानिवि के अधीक्षण अभियन्ता को वर्षा के मौसम को देखते हुए सार्वजनिक भवनों की पहचान की जावे जो वर्षा काल में गिर सकते है नियमानुसार मरम्मत करने, शिक्षा विभाग के अधिकारी को जिले के राजकीय व निजी विद्यालय भवनों की जॉच कर आगामी बरसात में जर्जर या डूब तालाब किनारे भवनों को किसी प्रकार की क्षित ना हो यह सुनिश्चित कर लिया जायें, पंचायती राज विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारी को इस दौरान सतर्क एवं सक्रिय रहकर कार्य करने के निर्देश दिये। बैठक में जिला कलेक्टर ने पीएचईडी के अधिकारी को पेयजल व्यवस्था सुचारू रखने, उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारी को जिले मे सूचारू रूप से विद्युत आपूर्ति रखने, आमजन की विद्युत संबंधी समस्याओं का समय सीमा मे निस्तारण करने,ढीले तारों को टाईट करने, के निर्देष दिये। नगर परिषद को शहर में नियमित साफ सफाई करवाने,वर्षा के मौसम में जिन विभागों को पौधारोपण के लक्ष्य आवंटित किये गये है उनको समय पर पूर्ण करने एवं प्रतिदिन रिपोर्ट भिजवाने के भी निर्देश दिये एवं 7 अगस्त को मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान हरियालो-राजस्थान अभियान के तहत विभिन्न विभागों को अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं आवंटित लक्ष्य अनुसार संबंधित विभाग समय पर पूर्ण करने के निर्देश दियें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह चैधरी ने राजस्थान संपर्क पोर्टल पर 6 माह से लंबित चल रहे प्रकरणों, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, लोकायुक्त कार्यालय, जनसुनवाई मे प्राप्त प्रकरणों का समय पर निस्तारण करने, इसके अलावा ई-फाईल एवं ई-डाक की शत प्रतिषत पालना करने के निर्देष दिये, गत दिनों रात्रि चैपाल एवं जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों व परिवादों को समय सीमा में निस्तारण करने कि बात कही।